भारत सरकार
अंतरिक्ष विभाग

राज्य सभा

अतारांकित प्रश्न संख्या : 3010
गुरुवार, 13 अगस्त, 2026 को उत्तर देने के लिए

अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को सहायता

3010. श्री राघव चड्ढाः

क्या **प्रधान मंत्री** यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) पिछले पांच वर्षों में मान्यता प्राप्त अंतरिक्ष स्टार्टअप्स की संख्या कितनी है और उन्हें वर्ष-वार उपलब्ध कराई गई सुविधाएं क्या-क्या हैं, जिनमें प्रक्षेपण अवसर और परीक्षण की सुविधाएं शामिल हैं;

(ख) ऐसे स्टार्टअप्स का राज्य-वार वितरण क्या है;

(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान अंतरिक्ष स्टार्टअप्स को सरकार द्वारा समर्थित स्वीकृत की गई और प्रदान की गई कुल वित्तीय सहायता का वर्ष-वार ब्यौरा क्या है; और

(घ) अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के लिए अनुमोदन प्रक्रिया में पारदर्शिता और सुविधाओं तक समान पहुंच सुनिश्चित करने के लिए क्या कदम उठाए गए है?

उत्तर

कार्मिक, लोक शिकायत और पेंशन मंत्रालय
तथा प्रधानमंत्री कार्यालय में राज्य मंत्री
(डॉ. जितेन्द्र सिंह) :

****

(क) **डीपीआईआईटी के स्टार्ट-अप इंडिया पोर्टल** के अनुसार, भारत में लगभग **440 अंतरिक्ष प्रौद्योगिकी स्टार्ट-अप्स** पंजीकृत हैं। इन-स्पेस ने 52 गैर-सरकारी कंपनियों (एनजीई) को विभिन्न अंतरिक्ष गतिविधियां आयोजित करने के लिए 113 प्राधिकरण प्रदान किए हैं, जिनमें से 18 स्टार्ट-अप्स हैं। विवरण निम्नानुसार है:

1. अग्निकुल कॉस्मॉस प्राइवेट लिमिटेड
2. अक्षत एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड
3. अजिस्ता बीएसटी
4. बेल्लाट्रिक्स एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड
5. कॉस्मॉसर्व स्पेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड
6. ध्रुवा स्पेस प्राइवेट लिमिटेड

..2/-

7. दिगंतरा रिसर्च एंड टेकनोलॉजी प्राइवेट लिमिटेड,
8. गैलेक्सआई स्पेस सोल्यूसंस प्राइवेट लिमिटेड,
9. एचईएक्स20लैब्स इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,
10. इनऑर्बिट स्पेस टेलिकम्यूनिकेसंस प्राइवेट लिमिटेड,
11. मनस्तू स्पेस टेकनोलॉजीज प्राइवेट लिमिटेड,
12. एनस्पेस टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,
13. ऑर्बिटएआईडी एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड,
14. पीयरसाइट स्पेस प्राइवेट लिमिटेड,
15. पिक्सलस्पेस इंडिया प्राइवेट लिमिटेड,
16. स्काईरूट एयरोस्पेस प्राइवेट लिमिटेड,
17. स्पेस किड्ज इंडिया,
18. टेकमी2स्पेस प्रौद्योगिकी प्राइवेट लिमिटेड,

इसके अलावा, प्रक्षेपण स्लॉट और परीक्षण तक पहुंच सहित इन-स्पेस द्वारा स्टार्ट-अप्स को प्रदान की गई सुविधाओं का वर्ष-वार विवरण निम्नानुसार है:

क्र. सं.	**वर्ष**	**स्टार्ट-अप्स का विवरण**	**प्रदान की गई सुविधा**
1	2022	अग्निकुल कॉस्मॉस, स्काईरूट एयरोस्पेस, पिक्सेल	फ्लेक्स सील और ध्वानिक परीक्षण, एस/एक्स-बैंड एंटीना आरएफ परीक्षण, उप-कक्षीय प्रक्षेपण अभिगम (विक्रम-एस), प्रक्षेपण यान टीएम अभिग्रहण।
2	2023	ध्रुव स्पेस, पिक्सेल स्पेस, स्काईरूट एयरोस्पेस, अग्निकुल कॉस्मॉस, स्पेस किड्ज़ , अज़िस्टा बीएसटी	अग्निबाण एसओआरटीईडी प्रक्षेपण अभिगम, रमन-I एवं II इंजन परीक्षण, आजादीसैट-2 पर्यावरणीय परीक्षण, स्थैतिक चरण परीक्षण, भू केंद्र सहयोग।
3	2024	स्काईरूट एयरोस्पेस, पिक्सेल स्पेस, मनस्तु स्पेस , पीयरसाइट स्पेस, एन स्पेस टेक इंडिया प्राइवेट लिमिटेड	चरण 1 ढलाई एवं नोदक आपूर्ति, हार्डवेयर-इन-लूप अनुकरण, पीओईएम नीतभार ईएमआई/ईएमसी और प्रघात परीक्षण।
4	2025	अग्निकुल कॉस्मॉस, ध्रुव स्पेस, पियरसाइट, गैलेक्सआई, सैटलियो लैब्स, स्काईरूट एयरोस्पेस	क्रायोजेनिक पंप पीडीआर समीक्षा, एक्स/यूएचएफ-बैंड डाउनलिंक सहायता, टीवीएसी/आउटगैसिंग परीक्षण, प्रक्षेप पथ प्रमाणीकरण, शीतलन नाभीय आपूर्ति।
5	2026	टेकमी2स्पेस, बेल्लाट्रिक्स एयरोस्पेस, स्काईरूट एयरोस्पेस, ओर्बिटएड एयरोस्पेस, ध्रुव स्पेस प्रा. लि.,	विक्रम-1 के लिए प्रथम प्रक्षेपण पैड (एफएलपी) का उपयोग, डॉकिंग प्रक्रिया का लैब परीक्षण, एसआरएस प्रघात परीक्षण, और सूक्ष्म-प्रणोदकों के लिए सिलिसाइड लेपन।

(ख) इन-स्पेस के पास मान्यता प्राप्त अंतरिक्ष स्टार्ट-अप्स की संख्या का राज्य-वार विवरण उपलब्ध नहीं है।

(ग) दिनांक 31.07.2026 तक विगत पांच वर्षों के दौरान इन-स्पेस द्वारा स्वीकृत और प्रदान की गई धनराशि का विवरण इस प्रकार है:

(लाख रुपये में)

क्र. सं.	**योजना का नाम**	**परियोजना/ योजना आवरण**						**कुल**
			वित्तीय वर्ष 2022-23	**वित्तीय वर्ष 2023-24**	**वित्तीय वर्ष 2024-25**	**वित्तीय वर्ष 2025-26**	**वित्तीय वर्ष 2026-27**	
1	इन-स्पेस बीज निधि योजना/ पीआईई	6500	शून्य	56	88.3	225	20	389.30
2	उद्यम पूंजी निधि	100000	सेबी का अनुमोदन: 31-10-2025			605.64	18287.40	18893.04
3	प्रौद्योगिकी अंगीकरण निधि	50000	03 एनजीई का प्रौद्योगिकी विकास हेतु चयन			शून्य	शून्य	शून्य
4	एक सेवा के रूप में उपग्रह बस (एसबीएएएस)	7500	03 एनजीई का तकनीकी विकास हेतु चयन			शून्य	750	750
5	साझा तकनीकी सुविधाएं	50000	गुजरात एवं तमिलनाडु राज्य सरकारों के साथ करार पर हस्ताक्षर			शून्य	शून्य	शून्य
कुल		**214000**	**0**	**88.3**	**56**	**830.64**	**13077.15**	**20032.34**

(घ) इन-स्पेस ने स्टार्टअप्स को विभिन्न योजनाओं और सेवाओं का लाभ उठाने में मदद करने के लिए एक डिजिटल प्लेटफ़ॉर्म की स्थापना की है। यह प्लेटफ़ॉर्म भारत के अंतरिक्ष स्टार्टअप्स के विकास को बढ़ावा देने और उन्हें सहयोग प्रदान करने के लिए एक एकल-विंडो अन्तरापृष्ठ के रूप में काम करता है। इस प्लेटफ़ॉर्म के माध्यम से, स्टार्टअप्स प्राधिकरण और निधियन के अवसरों के लिए आवेदन प्रेषित कर सकते हैं, परामर्श सेवाएं प्राप्त कर सकते हैं, इसरो/इन-स्पेस की सुविधाओं का उपयोग कर सकते हैं, प्रौद्योगिकी हस्तांतरण का लाभ उठा सकते हैं, प्रक्षेपण और मिशन में मदद ले सकते हैं, और कौशल विकास व क्षमता-निर्माण कार्यक्रमों में हिस्सा ले सकते हैं।

****